RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : गुरुवार 28 अगस्त 2025 | वर्ष 07 | अंक 130 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक




## राज ठाकरे के 'शिवतीर्थ' पर सियासी संगम... सुबह उद्धव शाम को फडणवीस

# क्या बीएमसी चुनाव के बदलेंगे समीकरण ?

**महाराष्ट्र : गणेश चतुर्थी के मौके पर महाराष्ट्र की राजनीति का केंद्र राज ठाकरे का आवास 'शिवतीर्थ' बन गया, जहां नेताओं का तांता लग रहा है। दिन की शुरुआत में शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे अपने परिवार के साथ गणपति दर्शन के लिए पहुंचे, तो शाम होते-होते मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने भी हाजिरी लगा दी।**

दशकों से एक-दूसरे से दूर रहे दो चचेरे भाइयों, उद्धव और राज ठाकरे की यह बढ़ती नजदीकी राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बन गई है, जिसके सीधे संकेत आगामी बीएमसी चुनावों से जोड़े जा रहे हैं।

बुधवार को गणेश उत्सव के अवसर पर राज ठाकरे के घर पर एक अलग ही नजारा देखने को मिला। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत जैसे बड़े नेता बप्पा का आशीर्वाद लेने पहुंचे। लेकिन सबसे



ज्यादा ध्यान उद्धव ठाकरे के दौरे ने खींचा, जो अपने परिवार के साथ पहुंचे थे। राजनीतिक मनमुटाव को भुलाकर त्योहार के मौके पर ठाकरे भाइयों का यह मिलन महाराष्ट्र में एक नए राजनीतिक अध्याय की शुरूआत के तौर पर देखा जा रहा है, जिसकी नींव कुछ समय पहले ही रखी गई थी।

उद्धव और राज ठाकरे के बीच जमी बर्फ पिघलने की शुरूआत जुलाई में वर्ली में हुई एक विशाल रैली से हुई थी, जहां करीब 20 साल बाद दोनों भाई एक साथ एक मंच पर दिखे थे। यह रैली राज्य सरकार द्वारा स्कूलों में हिंदी को अनिवार्य करने के फैसले के खिलाफ आयोजित की गई थी। इस रैली में उमड़े जनसैलाब और दोनों भाइयों के एक साथ आने के दबाव के बाद तत्कालीन उप-मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को अपना फैसला वापस लेना पड़ा था।

### क्या बदलेंगे बीएमसी चुनाव के समीकरण?

**वर्ली की सफल रैली के बाद से ही दोनों भाइयों के बीच मुलाकातों का दौर शुरू हो गया। कुछ ही दिनों बाद राज ठाकरे, उद्धव के जन्मदिन पर उनके आवास 'मातोश्री' पहुंचे, जहां दोनों ने बालासाहेब ठाकरे की तस्वीर के सामने एक साथ फोटो खिंचवाई। अब गणेश चतुर्थी पर हुई यह मुलाकात इस रिश्ते को और मजबूती देती दिख रही है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि यह बढ़ती नजदीकी 2026 में होने वाले बीएमसी चुनावों को ध्यान में रखकर की जा रही है। अगर शिवसेना (यूबीटी) और मनसे मिलकर चुनाव लड़ते हैं, तो मराठी वोट बैंक पर इसका सीधा और गहरा असर पड़ेगा, जो मुंबई की राजनीति के समीकरणों को पूरी तरह बदल सकता है।**

## मुंबई में 38 करोड़ रुपये के फर्जी बैंक गारंटी का घोटाला...

## धोखाधड़ी में चार गिरफ्तार




**मुंबई :** चारकोप पुलिस ने 38 करोड़ रुपये की फर्जी बैंक गारंटी से जुड़े एक हाई-प्रोफाइल वित्तीय धोखाधड़ी मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया है. आरोपियों ने कथित तौर पर एक सोची-समझी साजिश के तहत मुंबई की एक इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी से 4.32 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की. पुलिस के अनुसार, शिकायतकर्ता कंपनी, जो सड़क, बांध और नहर निर्माण के सरकारी ठेके लेती है, ने हाल ही में बेंगलुरु में एक रेलवे क्रॉस-लाइन परियोजना हासिल की थी जिसके लिए 34 करोड़ रुपये की बैंक गारंटी की आवश्यकता थी. चूँकि बैंक के साथ उसकी क्रेडिट सीमा समाप्त हो चुकी थी, इसलिए कंपनी का परिचय जय दोशी नामक एक एजेंट से कराया गया, जिसने अपने सहयोगी बृजेश भुट्टा के साथ मिलकर गारंटी का प्रबंध करने का वादा किया.

जनसंपर्क अधिकारी द्वारा पुलिस को दिए गए बयान के अनुसार, ''चारकोप स्थित एक होटल में एक प्रारंभिक बैठक हुई, जहाँ दोषी ने 38 करोड़ रुपये की बैंक गारंटी प्रदान करने के लिए 4.5 करोड़ रुपये कमीशन की माँग की. 4 जुलाई से 7 जुलाई के बीच, कंपनी ने कई आरटीजीएस लेनदेन के माध्यम से आरोपी से जुड़े एक खाते में 4.32 करोड़ रुपये स्थानांतरित किए. बदले में, कंपनी को पुणे स्थित एक राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा जारी कथित गारंटी सौंपी गई. हालाँकि, सत्यापन के बाद, रेलवे ने पाया कि यह फर्जी थी. ''जब पूछताछ की गई, तो दोषी और भुट्टा ने कंपनी को आश्वासन दिया कि वे दस्तावेज बदल देंगे और बाद में मीरा रोड स्थित एक अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा कथित रूप से जारी दो और गारंटी प्रदान कीं. दोनों की फिर से जाली होने की पुष्टि हुई.

# महाराष्ट्र के विरार में अवैध इमारत गिरने से 9 लोगों की मौत !

## बिल्डर को पुलिस ने किया अरेस्ट, जानें क्या हुआ?





**मुंबई :** महाराष्ट्र के पालघर जिले के विरार में अनधिकृत चार मंजिला इमारत का एक हिस्सा बगल की खाली इमारत पर गिर जाने से नौ लोगों की मौत हो गई और आठ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की टीम ने घटना के करीब 18 घंटे बाद बुधवार शाम को मलबे के नीचे से तीन और शव निकाले। रमाबाई अपार्टमेंट का पिछला हिस्सा मंगलवार रात 12 बजकर पांच मिनट पर ढह गया था। वसई विरार महनगरपालिका (वीवीएमसी) द्वारा शिकायत दर्ज कराए जाने के बाद पुलिस ने इमारत के बिल्डर को गिरफ्तार कर लिया।

### आसपास की बिल्डिंगें कराई खाली

पुलिस के अनुसार मृतकों की पहचान आरोही ओंकार जोविल (24), उनकी एक वर्षीय बेटी उत्कर्षा जोविल, लक्ष्मण किस्कू सिंह (26), दिनेश प्रकाश सपकाल (43), सुप्रिया निवालकर (38) और अर्नव निवालकर (11) के रूप में की गई। जिलाधिकारी इंदु रानी जाखड़ ने घटनास्थल का दौरा किया। उन्होंने मलबे में अब भी कुछ और लोगों के दबे होने की आशंका जताई। पालघर के जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी विवेकानंद कदम ने बताया कि जिस चॉल या मकान पर इमारत गिरी, वह खाली था। उन्होंने बताया कि एहतियात के तौर पर इमारत के आसपास की सभी चॉल को खाली करा दिया गया है और उनमें रहने वालों को सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित कर दिया गया है।

### गिरे हुए हिस्से में थे 12 फ्लैट

कदम ने बताया कि 2012 में निर्मित रमाबाई अपार्टमेंट में 50 फ्लैट हैं और ढहे हुए हिस्से में 12 अपार्टमेंट थे। घायलों को क्षेत्र के विभिन्न अस्पतालों और मुंबई के बाहरी इलाके नालासोपारा में भर्ती कराया गया है। वीवीएमसी के प्रवक्ता ने इमारत के ह्यअवैधह्न होने की पुष्टि की। वीवीएमसी के सहायक आयुक्त गिलसन गोंसाल्वेस ने कहा, ''फिलहाल, मलबा हटाने का काम जारी है।

## मुंबई एयरपोर्ट पर एक करोड़ का सोना छिपाए यात्री गिरफ्तार...



**मुंबई :** मुंबई सीमा शुल्क विभाग ने छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से 1.07 किलोग्राम वजनी 24 कैरेट सोने के साथ एक यात्री को गिरफ्तार किया है। जिसकी कीम 1.02 करोड़ रुपये है। अधिकारियों ने बताया कि यात्री सऊदी अरब से यहां पहुंचा था। एक अधिकारी ने बताया यात्री सोने को शरीर में छिपाकर लाया था। उन्होंने बताया कि सूचना के आधार पर हवाई अड्डा आयुक्तालय के कर्मियों ने सऊदी अरब के जेद्दा से आने पर यात्री को रोक लिया। उन्होंने बताया कि तलाशी के दौरान, उन्हें उसके शरीर में छिपा हुआ सोना मिला। यात्री को सीमा शुल्क अधिनियम के प्रावधानों के तहत गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि मामले में आगे की जांच जारी है।

# संपादकीय...

## अपने अधिकार भी जानें महिलाएं...



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

ग्रेटर नोएडा के निकिता भाटी हत्याकांड ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। बर्बरता का जो वीडियो समाचार चैनलों के माध्यम से प्रसारित किया गया, वह किसी को भी सदियों से चले आ रहे पितृसत्तात्मक सोच से रूबरू कराने के लिए काफी है, जहां बल प्रयोग ही मर्दानगी को जताने का उत्तम तरीका माना जाता रहा है। यह मर्दानगी का भ्रम ही है, जो दुष्कर्म, हत्या, हिंसा के रूप में सामने आता रहता है, लेकिन अफसोस की बात यह है कि इस घटना में सिर्फ एक नहीं, बल्कि दो-दो महिलाएं पुरुषवादी सोच का शिकार हुई हैं। एक निकिता और दूसरी उसकी सास, जो अपने बेटे का साथ देकर एक महिला होकर भी महिला पर हो रही हिंसा में सहयोगी बनी। यह कोई पहली घटना नहीं है, जब किसी महिला को जलाया या मारा गया हो। कभी परंपरा, कभी दहेज, कभी चरित्र तो कभी डायन करार देकर स्त्रियों को जलाए जाने की घटनाओं का सिलसिला न जाने कब से कायम है। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ की मंशा को आत्मसात करने की बात तो की जाती है, लेकिन बेटियों को व्यवस्था की भेंट चढ़ने से हम रोक नहीं पा रहे हैं। यहां सिमोन दी बोउवा का एक कथन याद आता है कि लड़की पैदा नहीं होती, बल्कि बनाई जाती है। एक बेटी के जन्म के बाद से जिस तरीके से लड़की होने की दुहाई देकर उसकी परवरिश की जाती है, धीरे-धीरे उसमें विरोध की क्षमता ही खत्म हो जाती है और वह शोषण सहना ही अपनी नियति समझ लेती है।

आज भी आम तौर पर बेटी को मायके से यह कहकर विदा किया जाता है कि मायके से डोली उठती है और ससुराल से अर्थी। और डोली उठते ही एक लड़की का या तो मायका होता है या फिर ससुराल, उसका खुद का घर कहां खो जाता है, वह पता ही नहीं चलता, जहां वह हक से और अपने हिसाब से अधिकारपूर्वक रह सके। ऐसी स्थिति में यदि कोई महिला आत्मनिर्भर नहीं है तो वह चाहकर भी विरोध नहीं कर पाती है। दूसरा लोक-लाज के लिहाज के बोझ तले महिलाएं आज भी दबी हुई हैं। उनका दबा होना महिला सशक्तीकरण की बातों को खोखली साबित करता दिखता है। इस परिस्थिति में यदि कोई महिला विरोध करने की हिम्मत जुटा भी लेती है तो व्यवस्था का शिकार हो जाती है। अपने देश में पीड़ित न्याय के लिए आज भी थानों और अदालतों में ठोकर खाते हैं। महिलाओं को न्याय देने के लिए वन स्टाप सेंटर बनाए गए, महिला आयोग का गठन किया गया, लेकिन वे प्रभावी नहीं सिद्ध हो रहे हैं। कई बार अपराधी बेखौफ हो दिखते हैं और व्यवस्था धवस्त। ग्रेटर नोएडा की घटना में अत्याचार की एक और कड़ी है, जिसमें भारी-भरकम दिखावे वाली शादियों और दहेज के नाम पर लड़की वालों से धन वसूली की प्रथा ने बेटी का बाप होना अभिशापित बना दिया है। दहेज लेना और देना, दोनों ही कानूनन अपराध हैं, लेकिन यह जुल्म सदियों से किसी-न-किसी रूप में आज भी समाज में व्याप्त है। आखिर इसका जिम्मेदार कौन है?

Rokthok Lekhani News Update
WhatsApp group
editor@rokthoklekhani.com
+91 9987775650
Faisal Shaikh @faisalrokthok
ROKTHOK LEKHANI NEWS
KHABREIN BE ROKTOK
Watch Us On YouTube
LIKE SHARE COMMENT SUBSCRIBE
youtube@rokthoklekhani

# मुंब्रा कलवा में दस हजार से तीस हजार तक डबल वोटर के रजिस्ट्रेशन के आरोप



**मुंबई :** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के एक आरोप से देश में हलचल मच गई है। उन्होंने बीजेपी समर्थित एनडीए पर मतदाता सूची में गड़बड़ी करके वोट चोरी करने का आरोप लगाया है। इसके बाद आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है। खबर है कि महाविकास अघाड़ी ने जिन सीटों पर जीत हासिल की। वहां भी डबल वोटरों के रजिस्ट्रेशन की शिकायतें मिली हैं। मानखुर्द शिवाजीनगर, मालाड पूर्व और मुंब्रा कलवा में दस हजार से तीस हजार तक डबल वोटर के रजिस्ट्रेशन के आरोप लगे हैं। लोकसभा और विधानसभा चुनावों के बीच तीस से पचास हजार तक मतदाताओं की संख्या बढ़ने की जानकारी सामने आई है।

मानखुर्द शिवाजीनगर, मलाड पूर्व और मुंब्रा कलवा विधानसभा सीटों में कम से कम 10,000 से 30,000 डबल वोटर रजिस्ट्रेशन का आरोप लगाया गया है और वहां के प्रतिद्वंद्वी उम्मीदवारों और पार्टी पदाधिकारियों ने चौंकाने वाली जानकारी दी है कि लोकसभा और विधानसभा चुनावों के बीच 30 से 50,000 मतदाताओं के पंजीकरण में वृद्धि हुई है। मानखुर्द, शिवाजीनगर निर्वाचन क्षेत्र में 2024 में मतदाता सूची के सत्यापन के दौरान अचानक 32,000 वोटरों की वृद्धि दर्ज की गई। इस निर्वाचन क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के अबू आजमी 12000 वोटों से निर्वाचित हुए। उन्होंने ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के अतीक अहमद खान को हराया।

इस संबंध में अतीक खान ने कहा कि मेरे निर्वाचन क्षेत्र के प्रत्येक वार्ड में कम से कम दो से तीन हजार फर्जी मतदाता हैं। लगभग 50 प्रतिशत मतदाता उत्तर भारत के भी मतदाता हैं और हमने खुलासा किया था कि यहां प्रवासियों ने भी मतदान किया था। मैंने विजयी उम्मीदवारों से इस बारे में कभी कोई शिकायत नहीं सुनी। उनके कार्यालय से कहा गया कि अबू आजमी विदेश में हैं। मलाड पूर्व में कांग्रेस के असलम शेख 6,227 मतों से जीते, जबकि बीजेपी के विनोद शेलार दूसरे स्थान पर रहे।

# मुंबई : भूमिगत मेट्रो लाइन 3 परियोजना अंतिम चरण में... वर्ली-कफ परेड खंड को अग्नि सुरक्षा मंजूरी मिलने का इंतजार



**मुंबई :** भूमिगत मेट्रो लाइन 3 परियोजना अपने अंतिम चरण में है और अब इसके अंतिम वर्ली-कफ परेड खंड को अग्नि सुरक्षा मंजूरी मिलने का इंतजार है, जिसके बाद मेट्रो रेल सुरक्षा आयुक्त (सीएमआरएस) द्वारा इसका निरीक्षण किया जाएगा। परियोजना को क्रियान्वित करने वाली एजेंसी, मुंबई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एमएमआरसीएल) के प्रबंध निदेशक अश्विनी भिडे ने संपर्क करने पर यह जानकारी दी। सीएमआरएस मंजूरी मिलने के बाद ही किसी भी मेट्रो लाइन का व्यावसायिक संचालन शुरू हो सकता है।

## 9.47 लाख रुपये मूल्य के 30 हीरे ठग लिए..

# अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ हीरा कंपनी के साथ धोखाधड़ी करने का मामला दर्ज




**मुंबई :** बीकेसी (बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स) पुलिस ने एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ एक हीरा कंपनी के साथ कथित तौर पर धोखाधड़ी करने का मामला दर्ज किया है। आरोपी ने खुद को एक अन्य आभूषण कंपनी का कर्मचारी बताकर 9.47 लाख रुपये मूल्य के 30 हीरे ठग लिए और हीरा कंपनी से हीरे हासिल कर लिए।

पीड़िता को कैसे ठगा गया एफआईआर के अनुसार, शिकायतकर्ता, 27 वर्षीय कस्तूरी इनामदार, डोंबिवली पूर्व निवासी, बीकेसी के भारत बोर्स स्थित किरा डीएमएलएलएलपी नामक एक हीरा कंपनी में सेल्स एक्जीक्यूटिव के रूप में काम करती हैं।

यह कंपनी लगभग एक साल से एक अन्य हीरा कंपनी, आकाश ज्वेल्स के 56 वर्षीय जिगर शाह के साथ व्यापार कर रही थी, इसलिए इनामदार ने कंपनी पर भरोसा किया। 30 जुलाई को, उन्हें एक अज्ञात नंबर से कॉल आया। कॉल करने वाले ने खुद को आकाश ज्वेल्स में परचेज मैनेजर राहुल विरवाडिया बताया। उन्होंने आगे दावा किया कि उनकी कंपनी अंधेरी में स्थित है और उसके सभी कर्मचारी बीकेसी स्थित जियो वर्ल्ड सेंटर में आईआईजेएस डायमंड शो में व्यस्त हैं। उन्होंने यह भी बताया कि जिगर शाह ने उन्हें अपनी कंपनी का नंबर दिया था।

# सोने की स्कीम में निवेशकों को ठगने वाले ज्वेलर्स मालिक को 7 साल की सजा



**ठाणे :** ठाणे जिला एवं सत्र न्यायालय ने निवेशकों को पोंजी स्कीम में ठगने के मामले में त्रिमूर्ति रत्न ज्वैलर्स के मालिक संतोष सदानंद शेलार (56) को दोषी ठहराते हुए 7 वर्ष का कठोर कारावास और भारी जुमार्ने की सजा सुनाई है। फरवरी 2018 से अप्रैल 2019 के बीच शेलार ने ठाणे के विष्णु नगर स्थित अपनी दुकान से गोल्ड स्कीम चलाई थी। उसने ग्राहकों से वादा किया कि 15 महीने तक हर माह 1,000 रुपये निवेश करने पर उन्हें मूलधन व ब्याज के साथ रकम या सोने की वस्तुएं लौटाई जाएंगी।

इस झांसे में शिकायतकर्ता और उसके बेटे ने 30,000 रुपये जमा किए, लेकिन तय समय पर न तो रकम लौटाई गई और न ही सोने के आभूषण दिए गए। मामले की शिकायत नौपाड़ा पुलिस स्टेशन में दर्ज की गई और आरोपी के खिलाफ आईपीसी की धारा 406, 420, 34 तथा एम.पी.आई.डी. अधिनियम की धारा 3 व 4 के तहत केस दर्ज हुआ। इस दौरान तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था। जांच अधिकारी पुलिस निरीक्षक एम.एम. विस्पुते और आर्थिक अपराध शाखा की टीम ने पुख्ता सबूत इकट्ठा कर अदालत में पेश किए। सरकारी पक्ष की पैरवी विवेक कडू ने की। सुनवाई के बाद न्यायाधीश जी.टी. पवार ने आरोपी संतोष शेलार को सीआरपीसी 248 (2) के तहत दोषी करार दिया और 7 साल का कठोर कारावास, 5 लाख रुपये का जुमार्ना, अतिरिक्त धाराओं में 6 साल का कारावास और 1 लाख रुपये का जुमार्ना, जुमार्ना न भरने पर अतिरिक्त कैद की सजा सुनाई।

## 22 साल बाद गणेश चतुर्थी पर उद्धव पहुंचे राज ठाकरे के घर

# महाराष्ट्र के सियासी गलियारों में हलचल तेज

**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र सहित पूरे देश में गणपति उत्सव की धूम है। गणेश चतुर्थी के अवसर लोगों के घर पर गणपति बप्पा पधारते हैं। इस अवसर पूरा परिवार एकजुट होकर बप्पा का मिलजुलकर स्वागत करता है। इस अवसर महाराष्ट्र के दो भाइयों का 22 साल बाद मिलन हो रहा है, राजनीतिक और व्यक्तिगत वजहों से दूर हुए दोनों भाई एक दूसरे करीब गणेश चतुर्थी के अवसर पर आ गए। हम बात कर रहे हैं, उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे की। गणेश चतुर्थी के खास मौके पर उद्धव ठाकरे पूरे परिवार के साथ करीब दो दशक बाद बड़े भाई राज ठाकरे घर शिवतीर्थ पहुंचे। यह मुलाकात जितनी खास दोनों परिवारों के लिए है, उतनी ही अहम दो राजनीतिक पार्टियों के लिए भी है।



मुंबई में बीएमसी चुनाव से पहले उद्धव और राज की मुलाकात काफी अहम मानी जा रही है।

**राज ठाकरे के साथ उद्धव ने किया लंच**

शिवतीर्थ में राज और उद्धव ने परिवार के साथ करीब 2 घंटे बिताए। इस दौरान दोनों परिवारों ने साथ में दोपहर का भोजन भी किया। इसके बाद दोनों परिवारों ने मिलकर गणेश उत्सव भी मनाया। राज और उद्धव के मिलन की राजनीतिक गलियारों में खूब चर्चा है। क्योंकि एक समय कहा जा रहा है था कि अब दोनों भाई एक साथ कभी नहीं आएंगी। क्योंकि इस पारिवारिक कलह की वजह राजनीतिक थी। अजीब बात है कि अब राजनीतिक वजहों से ही दूरी मिट रही है। विधानसभा चुनाव में शिवसेना यूबीटी और मनसे की करारी हार के बाद उद्धव बीएमसी का किला किसी भी हालात में बचाना चाहते हैं। इसलिए दोनों भाई एक साथ मिलकर बीएमसी का चुनाव लड़ने की योजना बना रहे हैं।

राज और उद्धव ठाकरे की इस मुलाकात के बाद एक तस्वीर आई है। जिसमें दोनों ठाकरे बंधु की नजदीकी देखी जा रही है। राज और उद्धव के पीछे एक बड़ी सी तस्वीर दिखाई दे रही है, जिसमें उद्धव-राज के दादा प्रबोधनकर ठाकरे, बालासाहेब ठाकरे और श्रीकांत ठाकरे की तस्वीर है। यह तस्वीर अपने आप में बहुत कुछ कह रही है। वहीं राज और उद्धव के मिलन से न केवल मनसे और शिवसेना यूबीटी के कार्यकर्ताओं में जोश है, बल्कि बालासाहेब ठाकरे के शुभचिंतकों में खुशी की लहर है।

## मुंबई : महिला पर अपनी 57 वर्षीय सास पर हमला कर गंभीर रूप से घायल करने का आरोप...



**मुंबईः** ऐरोली सेक्टर-4 की एक 35 वर्षीय महिला पर अपनी 57 वर्षीय सास पर हमला करने और उन्हें गंभीर रूप से घायल करने का आरोप लगाया गया है। घटना 21 अगस्त को उस समय हुई जब दोनों घर पर अकेली थीं। पुलिस के अनुसार, आरोपी हिना अशरफ शेख ने अपनी सास आयशा खातून अकबरअली शेख से बाथरूम के ऊपर रखा एक भारी लोहे का बक्सा नीचे लाने को कहा। जब बुजुर्ग महिला ने बक्से के वजन का हवाला देते हुए मना कर दिया, तो दोनों पक्षों में बहस हो गई। गुस्से में आकर हिना ने कथित तौर पर उन्हें गालियाँ दीं, उनके बाल खींचे और उनका सिर दीवार पर पटक दिया।

पीड़िता के सिर में गंभीर चोट आई और उसके पति ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने अपने ससुर का मोबाइल फोन भी तोड़ दिया और घर में लगे सीसीटीवी कैमरे भी क्षतिग्रस्त कर दिए। रबाले पुलिस स्टेशन के एक पुलिस अधिकारी ने कहा, ''पीड़िता के बयान के आधार पर, हमने हिना शेख के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है। आगे की जाँच जारी है।''

## मुंबई : 24 कैरेट सोने की तस्करी का मामला

### अधिकारियों ने मोम में छिपाकर लाए गए चार टुकड़ों को जब्त किया...



**मुंबईः** कस्टम्स (एयरपोर्ट कमिश्नरेट) ने ड्यूटी के दौरान 24 कैरेट सोने की तस्करी का मामला पकड़ा। अधिकारियों ने 1075 ग्राम सोने की डस्ट को वैक्स (मोम) में छिपाकर लाए गए चार टुकड़ों को जब्त किया। इस मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पकड़ा गया यात्री सऊदी अरब के जेद्दाह से मुंबई आया था। जांच के दौरान कस्टम अधिकारियों को संदेह हुआ और जब उसे गहन जांच के लिए अलग ले जाया गया, तो पता चला कि उसने सोने की डस्ट को चार वैक्स के टुकड़ों में भरकर अपने शरीर के अंदर छिपा रखा था। यह तरीका खतरनाक और जोखिम भरा माना जाता है।

जब्त किए गए सोने का कुल वजन 1075 ग्राम था और इसकी शुद्धता 24 कैरेट थी। अधिकारियों के अनुसार, इसकी अनुमानित बाजार कीमत लगभग 1.02 करोड़ रुपए है। आरोपी को सीमा शुल्क अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर लिया गया है और उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। कस्टम्स यह भी जांच कर रहे हैं कि इस तस्करी के पीछे किसी अंतरराष्ट्रीय गिरोह का हाथ है या नहीं। अधिकारियों ने जनता से अपील की है कि वे किसी भी गैरकानूनी गतिविधि से दूर रहें और किसी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत संबंधित अधिकारियों को दें।

## नवी मुंबई : हवाई अड्डे के नामकरण को लेकर अभी भी काफी अनिश्चितता और असमंजस की स्थिति

### बॉम्बे उच्च न्यायालय में जनहित याचिका...



**नवी मुंबई :** आगामी नवी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (एनएमआईए) के आधिकारिक नाम को अंतिम रूप देने में केंद्र सरकार द्वारा की जा रही लंबी देरी अब एक जनहित याचिका (पीआईएल) के रूप में बॉम्बे उच्च न्यायालय पहुँच गई है। याचिकाकर्ता का तर्क प्रकाशजोत सामाजिक संस्था द्वारा अपने अध्यक्ष विकास परशुराम पाटिल के माध्यम से दायर जनहित याचिका में तर्क दिया गया है कि महाराष्ट्र मंत्रिमंडल के स्पष्ट प्रस्ताव और राज्य विधानमंडल के दोनों सदनों में विधेयक पारित होने के बावजूद केंद्र की कथित निष्क्रियता जनता के विश्वास और सुशासन के सिद्धांतों का उल्लंघन है। नामकरण को लेकर असमंजस पाटिल ने कहा, ''हवाई अड्डे के नामकरण को लेकर अभी भी काफी अनिश्चितता और असमंजस की स्थिति बनी हुई है, जबकि परिचालन जल्द ही शुरू होने की उम्मीद है। जनहित याचिका का उद्देश्य अधिकारियों को कार्रवाई के लिए प्रेरित करना और स्पष्टता प्रदान करना है।''

## मुंबई : तेज रफ़्तार दोपहिया वाहन के डिवाइडर से टकराने से स्कूटर सवार की मौत




**मुंबई :** वाशी क्रीक ब्रिज पर एक तेज रफ़्तार दोपहिया वाहन के डिवाइडर से टकराने से 30 वर्षीय स्कूटर सवार सचिन पांडुरंग बेंडल की मौत हो गई। उनके पीछे बैठे 32 वर्षीय भावेश नामदेव शिंदे गंभीर रूप से घायल हो गए और उनका इलाज चल रहा है। पुलिस के अनुसार, दुर्घटना दोपहर करीब 3:15 बजे हुई जब बेंडल तेज रफ़्तार से एक वाहन को ओवरटेक करने की कोशिश में स्कूटर पर से नियंत्रण खो बैठे और डिवाइडर से टकरा गए। ट्रॉम्बे के सुमन नगर निवासी दोनों व्यक्तियों को मुंबई के सायन अस्पताल ले जाया गया, जहाँ इलाज के दौरान बेंडल की मौत हो गई।

## मुंबई : कोंकण रेलवे मार्ग पर 44 जोड़ी ट्रेनें 21 अक्टूबर से संशोधित समय सारिणी का पालन करेंगी



**मुंबई :** कोंकण रेलवे मार्ग पर रेल यात्रियों को बदलावों के लिए तैयार रहना चाहिए क्योंकि राजधानी एक्सप्रेस, वंदे भारत और अन्य प्रमुख सेवाओं सहित 44 जोड़ी ट्रेनें 21 अक्टूबर से संशोधित समय सारिणी का पालन करेंगी, यह घोषणा मध्य रेलवे ने मंगलवार को की। मानसून समय सारिणी 20 अक्टूबर को समाप्त होगी इस वर्ष 15 जून से लागू मानसून समय सारिणी ने भारी वर्षा और खराब दृश्यता के कारण गति प्रतिबंधों के बावजूद वीर और उडुपी के बीच 646 किलोमीटर लंबे कोंकण खंड पर यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित की। यह 20 अक्टूबर को समाप्त होगी, जिससे नियमित समय सारिणी का मार्ग प्रशस्त होगा।

## रायगढ़ : पुराने वाहनों का कारोबार करने वाले सभी व्यापारियों के लिए स्थानीय पुलिस थानों में लेन-देन का विवरण दर्ज कराना अनिवार्य

**रायगढ़ :** आपराधिक गतिविधियों और गंभीर अपराधों में चोरी के वाहनों के बढ़ते इस्तेमाल पर अंकुश लगाने के लिए, रायगढ़ ज़िला कलेक्टर किशन जावले ने एक आदेश जारी कर पुराने वाहनों का कारोबार करने वाले सभी व्यापारियों के लिए स्थानीय पुलिस थानों में लेन-देन का विवरण दर्ज कराना अनिवार्य कर दिया है। चोरी के वाहनों का बढ़ते अपराध मामलों से संबंध यह निर्देश ज़िले की सभी नगरपालिकाओं और ग्राम पंचायतों की सीमाओं पर लागू होता है। कलेक्टर द्वारा जारी एक अधिसूचना में कहा गया है कि किसी भी



उल्लंघन पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) 2023 की धारा 223 के तहत दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

''एक पुलिस रिपोर्ट के अनुसार, ज़िले में गैरेज, मरम्मत की दुकानों और निजी डीलरों के माध्यम से पुराने वाहनों का बड़े पैमाने पर व्यापार चल रहा है। उचित रिकॉर्ड के अभाव में, चोरी के वाहनों का अक्सर आदान-प्रदान होता है, और आपराधिक गतिविधियों में इस्तेमाल की जाने वाली मोटरसाइकिलें भी ऐसे लेन-देन में पाई गई हैं। स्वामित्व संबंधी विवरण न होने के कारण गंभीर अपराधों की जाँच में भी बाधाएँ आ रही हैं,'' रायगढ़ प्रशासन द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है।

# मछुआरों तक योजनाएं पहुंचनी चाहिए

## 50 हजार तक कर्ज उपलब्ध कराने के निर्देश, पंकज भोयर ने की समीक्षा

**मुंबई :** मछुआरों के लिए सरकार द्वारा विभिन्न प्रकार की योजनाएं शुरू की गई हैं, लेकिन ये योजनाएं उन तक पूरी तरह नहीं पहुंच रही हैं। इस कारण, जिला की सभी मछुआरा सहकारी संस्थाओं और मछुआरा संगठनों के पदाधिकारियों के लिए अलग से कार्यशाला आयोजित करने के निर्देश पालकमंत्री डॉ। पंकज भोयर ने दिए हैं, ताकि योजनाओं की संपूर्ण जानकारी उन्हें मिल सके। जिलाधिकारी कार्यालय के सभागृह में आयोजित बैठक में पालकमंत्री डॉ। भोयर ने मछुआरा संस्थाओं और संगठनों के प्रतिनिधियों से चर्चा की।

बैठक में जिलाधिकारी वान्मथी सी।, पुलिस अधीक्षक अनुराग जैन, जिला नियोजन अधिकारी अनिरुद्ध



राजुरवार, मत्स्य व्यवसाय विभाग के सहायक आयुक्त स्वप्निल वालदे, जिला अग्रणी प्रबंधक चेतन शिरभाते और अन्य विभागों के अधिकारी एवं बैंकों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। केंद्र सरकार की किसान क्रेडिट कार्ड योजना के तहत मछुआरों और मत्स्य किसानों को 50 हजार रुपये तक का चालू पूंजी कर्ज उपलब्ध कराया जाता है। लेकिन बैठक में पदाधिकारियों ने यह मुद्दा उठाया कि बैंक अक्सर पूरा कर्ज नहीं देते या फिर बहुत कम राशि मंजूर करते हैं।

**सभी केसीसी धारकों को 50 हजार रुपये की पूरी राशि मंजूर**

इस पर मंत्री डॉ। भोयर ने निर्देश दिए कि इस वर्ष से पात्र सभी केसीसी धारकों को 50 हजार रुपये की पूरी राशि मंजूर की जाए। पिछले वर्ष के लंबित आवेदनों को भी पुनः लिया जाए और तुरंत मंजूरी दी जाए। मछुआरों के लिए मत्स्य व्यवसाय विभाग द्वारा विभिन्न योजनाएं लागू की जा रही हैं। ये योजनाएं उन्हें बताने और लाभ दिलाने के लिए कार्यशाला का आयोजन आवश्यक है। संगठन के प्रतिनिधियों ने बताया कि जिले में बड़ी संख्या में मछुआरे हैं, लेकिन बहुत से लोगों ने विभाग में पंजीकरण नहीं कराया है, जिसके कारण उन्हें योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाता। इस पर मंत्री ने अपील की कि सभी मछुआरे अपना पंजीकरण कराएं और संगठन इसके लिए पहल करें.इस प्रसंग पर पालकमंत्री ने फसल कर्ज वितरण स्थिति का जायजा लिया। तहसील स्तर पर फसल कर्ज वितरण सम्मेलन आयोजित करने के निर्देश भी दिए।

# मुंबई में गणेश उत्सव शुरू,

## सुरक्षा के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक और व्यापक इंतजाम

**मुंबईः** समेत पूरे देश में बुधवार से गणेश उत्सव धूमधाम के साथ शुरू होने जा रहा है। लालबाग के राजा पंडाल में तैयारियां जोरों पर हैं। गृह राज्य मंत्री योगेश कदम ने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि अगले 10 दिनों तक श्रद्धालुओं को कोई परेशानी न हो इस बार सुरक्षा के लिए मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के निर्देश पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक का उपयोग किया जा रहा है। मुंबई पुलिस ने भीड़ प्रबंधन और सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए हैं।



लाखों श्रद्धालु और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के आने की संभावना को देखते हुए अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं।मराठा आरक्षण आंदोलन की चेतावनी के बीच योगेश कदम ने आंदोलन की तारीख बदलने का अनुरोध किया ताकि गणेश उत्सव का माहौल प्रभावित न हो और कानून-व्यवस्था बनाए रखी जा सके।

# जबरन प्रेम संबंध बनाने के दबाव के कारण छात्रा ने की आत्महत्या!

## आरोपियों को कर लिया गिरफ्तार



**सिडको :** सिडको इलाके में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। एक साढ़े सत्रह वर्षीय छात्रा ने एकतरफा प्यार और बदनामी से तंग आकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस मामले में 3 संदिग्धों पर मामला दर्ज किया गया है, जिनमें से दो को अंबड पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान गणेश माणिक भांगरे (20) और अक्षय मदन बरठे (21, दोनों रामटेकडी झोपड़पट्टी, तपोवन) के रूप में हुई है। तीसरा आरोपी अतिय राजकुमार वैद्य फिलहाल फरार है। पुलिस की जानकारी के अनुसार, जब पीड़ित छात्रा कॉलेज में पढ़ रही थी, तभी से संदिग्ध भांगरे उससे एकतरफा प्यार करता था। 28 फरवरी से वह और वरठे पीड़िता का पीछा कर रहे थे और उसे जबरन भांगरे से प्रेम संबंध रखने के लिए बात करने को मजबूर कर रहे थे। इसी दौरान, उसका रिश्तेदार वैद्य भी उनके साथ मिल गया, वैद्य ने पीड़िता का इंस्टाग्राम आईडी और पासवर्ड ले लिया और उसके आईडी से अक्षय वरठे के इंस्टाग्राम आईडी पर नकली फोटो भेजे, जिसमें यह दिखाया गया कि वे दोनों रिश्ते में हैं। इससे भांगरे भड़क गया और उसने लड़की को गालियां दीं, जिससे वह और भी निराश हो गई। आत्महत्या से पहले, पीड़ित छात्रा ने अपने माता-पिता को इन तीनों के बारे में जानकारी दी थी।

# साईनगर में आवारा पशुओं का डेरा,

## नागरिकों ने की बंदोबस्त करने की मांग!

**वर्धा :** वर्धा शहर के सिंदी मेघे के साईनगर चौराहे से लेकर परिसर की व्यस्त सड़क पर अनेकों माह से आवारा पशु एवं कुत्तें के झूंड दिखाई दे रहे हैं। इन पशुओं में गाय, बैल, बछड़े, कुत्तें भी शामिल होते हैं। इन पशुओं से राहगिर और वाहन चालकों को बड़ी परेशानी हो रही। यह समस्या हमेशा से ही घटित हो रही है। कुछ दिन पूर्व सड़क पर रात 9 बजे मे दरमियान अचानक गाय दुपहियां के सामने आने से दुपहियां सवार और दुपहियां सवार छोटी बच्ची सीमेंट सड़क पर जा गिरी। जिससे बच्ची के सर को चोटें लगी। उसे सर के बाजू



में खून भी बहने लगा था। ऐसी घटना आए दिन होती है।

इन आवारा पशुओं से दूर-दूर तक परिसर के नागरिक बड़े प्रमाण में परेशान है। लेकिन इस पर ग्रामपंचायत या अन्य संबंधित विभाग किसी प्रकार ध्यान नही देते। ऐसा ही नहीं तो मध्य रात्रि में जब सभी नागरिक सोते हैं। तब यह आवारा पशु सड़क अथवा कालोनी निवासी के घर के सामने बैठ जाते हैं और वहां पर गंदगी कर देते हैं। बाद जब सुबह नागरिक नींद से जागते है तो नागरिकों को मजबूरन गंदगी जिसमें गोबर, मुत्र साफ करना पड़ता है। यह मवेशी संपूर्ण परिसर को ही गंदा करते हैं।

**स्वच्छ भारत मिशन की उड़ रही धज्जियां**

यह घटना हमेशा को घटित हो रही। वैसे दूसरी ओर इसके पूर्व ग्राम पंचायत की कचरा गाड़ी दो या तीन के पश्चात आती थी। लेकिन अब कचरा गाड़ी 6 या 7 दिन तक आती ही नही। जिससे परिसर के लोगों के घर में बहुत कचरा जमा हुआ है। यह कचरा मजबूरन नागरिकों को खुले में फेंकना पड़ रहा है। इसके कुछ दिन पूर्व ग्रामपंचायत की कचरा गाडी इसकी लाऊड स्पिकर से सूचना दी थी। जिससे बीमारी फैलने की आशंका बढ़ गयी है। यह कचरा घर पर ज्यादा दिन तक नही रख सकते। यह जिम्मेदारी किसकी है। यह पता नही चल रहा। जिससे स्वच्छ भारत मिशन की धज्जियां उड़ रही है। तीसरी समस्या आवारा कुत्तों की है। यह आवारा कुत्ते सड़क या अन्य किसी स्थान पर झूंड में रहते है। जब कोई छात्र, छात्राएं पैदल या साइकिल से जाते है।

# मुंबई : पूजा भट्ट ने सड़कों की बिगड़ती हालत के खिलाफ आवाज उठाई

**मुंबईः** अभिनेत्री और फिल्म निमार्ता पूजा भट्ट ने मुंबई की सड़कों, खासकर बांद्रा इलाके की बिगड़ती हालत के खिलाफ आवाज उठाई है। उन्होंने शहर की सड़कों में गड्ढों की समस्या के पीछे सरकारी उदासीनता को जिम्मेदार ठहराया है। एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इनकी मरम्मत न करने और कई दिनों तक इन्हें खुला रखने को लेकर प्रशासन पर सवाल उठाए हैं। मंगलवार को पूजा भट्ट ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा, ''मुंबई शहर, खासकर बांद्रा, बहुत बुरे हालात में है। हर जगह गड्ढे हैं। क्या यही वजह है कि मरम्मत के नाम पर अधिकतर सड़कें महीनों तक बंद या अवरुद्ध रहीं? यह उदासीनता कब खत्म होगी?''

उनकी इस पोस्ट पर मुंबई में रहने वाले लोग जमकर कमेंट कर रहे हैं। वे रोजाना इन गड्ढों से होने वाली परेशानियों से जूझते हैं। उन्होंने भी एक्ट्रेस का साथ दिया। लोगों ने कहा कि इन गड्ढों की वजह से वाहन चालकों को ही नहीं, पैदल चलने वालों को भी खतरा रहता है।

# कल्याण : घर में कथित तौर पर सेंधमारी कर ₹12.69 लाख का कीमती सामान चोरी; तीन लोग गिरफ्तार



**कल्याण :** महात्मा फुले चौक (एमएफसी) पुलिस ने कल्याण के वलधुनी स्थित एक घर में कथित तौर पर सेंधमारी कर ₹12.69 लाख का कीमती सामान लेकर भागने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए संदिग्धों की पहचान साजिद शेख, प्रीति कदम और ऋशिकेश चौधरी के रूप में हुई है, जबकि चौथा आरोपी सावेज अभी भी फरार है। पुलिस के अनुसार, चोरी 16 अप्रैल को हुई, जब एक अज्ञात व्यक्ति ने एक घर का मुख्य द्वार तोड़कर बेडरूम में प्रवेश किया, लोहे की अलमारी को जबरन खोला और सोने-चाँदी के आभूषणों के साथ-साथ अन्य कीमती सामान भी चुरा लिया।

संपर्क कार्यालय : रोहिरा हाउस फ्लैट नो 8 दूसरा माला पाकीजा बेकरी के सामने कैडल रोड माहिम पश्चिम मुंबई ४०००१६
मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। मोबाइल नं 998777 5650, Email-editor@rokthoklekhaninews.com